Toppersnotes
Unleash the topper in you

# बिहार ऑडिटर (अंकेक्षक)

# BIHAR AUDITOR

## BIHAR PUBLIC SERVICE COMMISSION (BPSC)

भाग – 5

## भूगोल, कला एवं संस्कृति

SIERRA INNOVATIONS

# भारत का भूगोल


| अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| (1) स्थिति एवं विस्तार | 1 |
| (2) भौगोलिक प्रदेश | 7 |
| (3) भारतीय मानसून | 32 |
| (4) भारत का अपवाह तंत्र | 41 |
| (5) भारत में प्राकृतिक वनस्पति एवं जैव विविधता | 52 |
| (6) भारत की मृदाएं | 62 |
| (7) जलवायु | 70 |
| (8) भारत में खनिजों का वितरण | 84 |
| (9) प्रमुख उद्योग | 90 |
| (10) परिवहन तंत्र | 95 |
| (11) कृषि | 105 |


# विश्व का भूगोल


(1) ब्रह्माण्ड एवं सौरमण्डल 109

(2) महाद्वीप 114

- उत्तरी अमेरिका
- दक्षिणी अमेरिका
- अफ्रीका
- यूरोप
- एशिया
- ऑस्ट्रेलिया
- अंटार्कटिक

(3) जल मण्डल 141


# बिहार का भूगोल


(1) आकृति एवं विस्तार 145

(2) बिहार के भौगोलिक प्रदेश 147

(3) बिहार की नदियां 149

(4) बिहार की मृदा 151

(5) बिहार की कृषि एवं पशु संपदा 154

(6) बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजनाएं 190
(7) बिहार की प्राकृतिक आपदाएं 194
(8) मानव संसाधन एवं प्रमुख योजनाएं 201

# भारत की कला एवं संस्कृति

(1) भारतीय संस्कृति का परिचय 218
(2) विरासत 220
(3) इण्डो इस्लामिक स्थापत्य कला 230
(4) शिल्पकला 235
(5) मूर्तिकला 237
(6) वस्त्र निर्माण 239
(7) चित्रकला 241
(8) नृत्यकला 249
(9) संगीत गायन 253
(10) रंगमंच 255
(11) साहित्य 257
(12) प्रारंभिक परीक्षा हेतु महत्त्वपूर्ण तथ्य 263

# बिहार की कला एवं संस्कृति

(1) मौर्य साम्राज्य के दौरान कला एवं वास्तुकला 274
(2) मूर्तिकला 279
(3) पाल कला 282
(4) पटना कलम 216
(5) मधुबनी चित्रकला 288
(6) मंजूषा कला 291
(7) थंका चित्रकला 291
(8) हस्तशिल्प 292
(9) नृत्य 295
(10) भाषा 299
(11) प्रमुख जनजातियां 301

# भारतीय भूगोल

## (Indian Geography)

भारत का विस्तार

- भारत का अंक्षाशीय तथा देशान्तरीय विस्तार लगभग 30° है परन्तु भारत में उत्तर से दक्षिण तक की दूरी, पूर्व से पश्चिम की दूरी से अधिक है क्योंकि ध्रुवीय क्षेत्रों की ओर बढने पर देशान्तर के बीच दूरी कम होती जाती है। परन्तु अक्षांशों के बीच दूरी समान रहती है।
- भारत का क्षैत्रफल = 3287263 किमी.$^2$ = लगभग 32.8 लाख किमी.$^2$
- विश्व के कुल क्षेत्रफल का 2.4% भारत का क्षेत्रफल है।
- क्षैत्रफल की दृष्टि से भारत का विश्व में 7th स्थान है।
- क्षेत्रफल की दृष्टि से अधिकतम क्षैत्रफल वाले देश–
  - I. **Russia**
  - II. **Canada**
  - III. **China**
  - IV. **USA**
  - V. **Brazil**
  - VI. **Australia**
  - VII. **India**
  - VIII. **Argentina**
  - IX. **Kazakhstan**
  - X. **Algeria**
- भारत की जनसंख्या 2011 की जनगणना के अनुसार 121 करोड है जो विश्व की जनसंख्या का 17.5% है।
- जनसंख्या के आधार पर विश्व में भारत का दूसरा स्थान है।

## Impact of Latitude:-

- भारत का अंक्षाशीय विस्तार 30° होने के कारण भारत में जलवायु, मृदा तथा वनस्पति से संबंधित विविधता पाई जाती है।

Toppersnotes
Unleash the topper in you

- कर्क रेखा भारत को दो प्रमुख भागों में बाँटती है- भारत का दक्षिणी भाग उष्ण कटिबन्धीय क्षेत्र में तथा उत्तरी भाग शीतोष्ण कटिबन्धीय क्षेत्र में स्थित है।
- फिर भी भारत में उष्ण कटिबन्धीय मानसून जलवायु पाई जाती है क्योंकि उत्तर में स्थित हिमालय पर्वत साइबेरिया से जाने वाली ठण्डी पवनों को रोकता है।
- कर्क रेखा भारत के निम्नलिखित राज्यों से गुजरती है ।

**(i). Gujarat**
**(ii). Rajasthan**
**(iii). Madhya Pradesh**
**(iv). Chhattisgarh**
**(v). Jharkhand**
**(vi). West Bengal**
**(vii). Tripura**
**(viii). Mizora**

**Impact of Longitudinal Extension:-**

- भारत का देशान्तरीय विस्तार 30° होने के कारण भारत के सबसे पूर्वी तथा पश्चिमतम भाग के बीच 2 घंटे का अन्तर पाया जाता है।
- 82½° **E** देशान्तर को भारत की स्थानीय समय गणना के लिए एक मानक देशान्तर के रूप में चुना गया है।
- भारत का समय **GMT** से 5½ घंटे आगे है।
- 82½° **E** निम्नलिखित राज्यों से गुजरती है:-
  - **Uttar Pradesh**
  - **Madhya Pradesh**
  - **Chhattisgarh**
  - **Odisha**
  - **Andhra Pradesh**

**Q.1** क्या उत्तर-पूर्वी राज्यों को एक पृथक् समय दिया जाना चाहिए?

**Ans.** उत्तर-पूर्वी राज्यों की जनता की यह माँग रही है कि उन्हें पृथक समय दिया जाए क्योंकि भारत के समय से उनका समय आगे होने के कारण उनकी दिनचर्या पर नकारात्मक प्रभाव पडता है ।

पृथक समय के पक्ष में निम्नलिखित तर्क हैः-

**(i).** समय का उनकी जैविक घडी के अनुसार होना उन लोगों की कार्यक्षमता को बढाएगा।

**(ii).** इससे लगभग 2.3 अरब यूनिट बिजली की बचत होगी।

**(iii).** उत्तर-पूर्वी राज्यों की जैव विविधता के लिए यह सकारात्मक होगा।

**(iv).** यदि उनकी यह माँग मान ली जाए तो उत्तर-पूर्वी राज्यों का विश्वास केन्द्र सरकार में बढेगा।

**(v).** पहले भी उत्तर-पूर्वी राज्यों में चाय-बागानी समय था। उसी के अनुसार अब भी उनके लिए पृथक समय रखा जा सकता है।

पृथक समय के विपक्ष में तर्कः-

**(i).** पृथक समय से उत्तर-पूर्वी राज्यों में अलगाववादी भावना बढेगी।

**(ii).** भारत में अभी शिक्षा तथा जागरूकता कम होने के कारण अव्यवस्था की स्थिति बन सकती है। यदि समय में परिवर्तन किया गया।

**(iii).** परिवहन से संबंधित समस्या उत्पन्न हो सकती है।

**(iv).** विभिन्न कार्यस्थलों के बीच समय बिगड सकता है।

निष्कर्षः-

- हाल ही में गुवाहाटी कोर्ट का फैसला इस मुद्दे का उचित समाधान हो सकता है। गुवाहाटी न्यायालय के अनुसार उत्तर-पूर्वी राज्यों की पृथक् समय की माँग उचित है लेकिन उन्हें पृथक समय देने का यह उचित समय नहीं है। पृथक् समय के स्थान पर उत्तर-पूर्वी राज्यों में दिन के प्रकाश की बचत **(Day Light Saving)** की जा सकती है।
- 2007 में **National Institute of Advanced Studies** ने भारत के समय को आधा घंटा आगे करने का सुझाव था। अतः इस सुझाव पर अमल किया जा सकता है।

## Border of India:-

1. स्थलीय सीमाः-
   - भारत की स्थलीय सीमा लगभग 15200 किमी. (15106.7 किमी.) है।
   - भारत की स्थलीय सीमा निम्न देशों को स्पर्श करती हैः-

Toppersnotes Unleash the topper in you

(i). **Bangladesh = 4096.7 km**
(ii). **China = 3488 km**
(iii). **Pakistan = 3323 km**
(iv). **Nepal = 1751 km**
(v). **Myanmar = 1643 km**
(vi). **Bhutan = 699 km**
(vii). **Afghanistan = 106 km**

- भारत–पाकिस्तान सीमा रेखा = रेडक्लिफ रेखा
- भारत–चीन सीमा रेखा = मैकमोहन
- भारत–अफगानिस्तान सीमा रेखा = डूरन्ड रेखा

**2.** जलीय सीमाः–

- भारत की जलीय सीमा = 7516.6 किमी.
  **Mainland = 5422.6 km & Island = 2094 km**
- सर्वाधिक तटीय सीमा वाले राज्य/केन्द्र शासित प्रदेशः–

**Andaman & Nicobar**
(i). **Gujarat**
(ii). **Andhra Pradesh**
(iii). **Tamilnadu**
(iv). **Maharashtra**
(v). **Kerala**
(vi). **Odisha**
(vii). **Karnataka**
(viii). **West Bengal**
(ix). **Lakshadweep**
(x). **Goa**
(xi). **Puducherry**

**(xii). Daman & div**

तटवर्ती/सीमावर्ती सागरः-

**(i).** सीमावर्ती सागर **(Territorial Sea)**

**(ii).** संलग्न सागर **(Contiguous Sea)**

**(iii).** अनन्य आर्थिक क्षेत्र **(Exclusive Economic Zone)**

**1.** सीमावर्ती सागरः-

- यह क्षेत्र आधार रेखा से 12**nm** तक स्थित है।
- इस क्षेत्र में भारत का एकाधिकार है।

**2.** संलग्न सागरः-

- यह क्षेत्र आधार रेखा से 24**nm** तक स्थित है।
- इस क्षेत्र में भारत के पास वित्तीय अधिकार है।
- यहाँ भारत सीमा शुल्क **(Custom Duty)** वसूल सकता है।

**3.** अनन्य आर्थिक क्षेत्रः-

- यह क्षेत्र आधार रेखा से 200**nm** तक स्थित है।
- इस क्षेत्र में भारत के पास आर्थिक अधिकार है तथा यहाँ भारत संसाधनों का दोहन, द्वीप निर्माण तथा अनुसंधान आदि कर सकता है।

उच्च सागरः- यहाँ सभी देशों का समान अधिकार होता है।

तटवर्ती सीमा के लाभः-

**(i).** तटवर्ती सीमा दक्षिण भारत में समकारी जलवायु **(Moderate Climate)** का निर्माण करती है।

**(ii).** तटवर्ती सीमा बन्दरगाहों के निर्माण के लिए उपयोगी है। इन बन्दरगाहों के माध्यम से आयात-निर्यात अर्थात् व्यापार किया जाता है।

**(iii).** तटवर्ती सीमा भारत को विभिन्न देशों से जोडती है।

**(iv).** पर्यटन की दृष्टि से भी यह उपयोगी होती है।

**(v).** महासागरीय संसाधनों तक तटवर्ती सीमा पहुँच बनाती है।

**(vi).** सुरक्षा की दृष्टि से भी तटवर्ती सीमा महत्वपूर्ण है।

<u>तटवर्ती सीमा के नुकसान:–</u>

**(i).** सुनामी जैसी प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना पडता है।

**(ii).** समुद्री लुटेरों, तस्करी आदि का भी डर बना रहता है।

**(iii).** तटवर्ती सीमा के रखरखाव एवं सुरक्षा के लिए अतिरिक्त व्यय करना पडता है।

<u>निष्कर्ष:–</u> तटवर्ती सीमा के नकारात्मक प्रभाव होने के बावजूद यह भारत के लिए लाभकारी है।

## <u>भारतीय उपमहाद्वीप **(Indian Subcontinent):-**</u>

- उपमहाद्वीपीय उस भाग को कहा जाता है जो महाद्वीप में अपनी एक पृथक पहचान रखता हो।
- भौगोलिक, सांस्कृतिक तथा पर्यावरण की दृष्टि से भारत एशिया के अन्य देशों से पृथक पहचान रखता है।
- भारत के उत्तरी भाग में पर्वत स्थित हैं जैसे – हिन्दुकुश, सुलेमान, हिमालय, पूर्वांचल तथा पूर्व में अराकनयोगा जो भारत को एशिया के मुख्य भूभाग से पृथक करते हैं।
- भारत के दक्षिणी भाग में महासागरीय क्षेत्र स्थित हैं जो भारत तथा पडौसी देशों को पृथक् पहचान दिलाता है।
- भारतीय उपमहाद्वीप में निम्नलिखित देश सम्मिलित हैं:–
  - **INDIA**
  - **Pakistan**
  - **Afghanistan**
  - **Nepal**
  - **Bhutan**
  - **Bangladesh**
  - **Shri Lanka**
  - **Maldive**

Toppersnotes
Unleash the topper in you

# भारत के भौगोलिक भू-भाग

## (Physiography Devision of India)

<u>भारत के भौगोलिक भू-भागः-</u>

**(i). Himalayan Mountain Region**
**(ii). Northern Plain Region**
**(iii). Peninsula Plateau Region**
**(iv). Coastal Plain Region**
**(v). Island Groups Region**

**1.** <u>हिमालय पर्वतीय प्रदेशः-</u>

- भारत के उत्तरी सीमा पर स्थित पर्वत तंत्र हिमालय पर्वतीय प्रदेश का निर्माण करता है।
- इस पर्वत तंत्र का निर्माण नवीन वलित पर्वतों से हुआ है।
- ये वलित पर्वत 'यूरेशियन प्लेट' तथा 'भारतीय प्लेट' के अभिसरण से निर्मित हुए है।
- क्योंकि इस पर्वत तंत्र का निर्माण टरसरी काल में हुआ है, इसलिए इसे 'टरसरी पर्वत तंत्र' भी कहा जाता है ।

**Tertiary Period** (टरसरी काल) = (70 मिलियन वर्ष-11 मिलियन वर्ष पूर्व तक)

- यह पर्वत तंत्र विश्व का सबसे ऊँचा पर्वत तंत्र है, इसलिए इस तंत्र में बहुत से अल्पाइन हिमनद भी पाये जाते हैं।
- भारत की सबसे प्रमुख नदियों का उद्गम इसी पर्वत पर स्थित हिमनदों से होता है।
- इस पर्वतीय प्रदेश को तीन भागों में विभाजित किया जा सकता हैः-

**A. <u>Trans Himalyan:-</u>** हिमालय पर्वतीय प्रदेश का सबसे उत्तरी भाग ट्रांस हिमालय कहलाता है।

- यह मुख्य रूप से 'जम्मू-कश्मीर' व 'तिब्बत' में स्थित है।
- मुख्य हिमालय के वृष्टि छाया क्षेत्र में स्थित होने के कारण यहाँ शुष्क परिस्थितियाँ पाई जाती है।
- इस भाग में तीन प्रमुख पर्वत श्रेणियाँ पाई जाती हैः-

**(a).** <u>काराकोरम श्रेणीः-</u>

- ट्रांस हिमालय की सबसे उत्तरी श्रेणी।

- ट्रांस हिमालय की सबसे लम्बी व ऊँची श्रेणी है।
- 'माउण्ट गोडविन ऑस्टिन' इस श्रेणी की सबसे ऊँची चोटी है, जो कि भारत की सबसे ऊँची तथा विश्व की दूसरी सबसे ऊँची चोटी है। (8611 किमी.)
- यह श्रेणी अपने अल्पाइन हिमनदों के लिए विख्यात हैः-

**(i).** बतुरा
**(ii).** हिस्पर
**(iii).** बियाको
**(iv).** बालतोरो
**(v).** सियाचिन

- 'सियाचिन हिमनद' नुबरा घाटी में स्थित है तथा इस हिमनद के पिघलने से नुबरा नदी का उद्गम होता है, जो कि सिन्धु की सहायक नदी है।

**(b).** लद्दाख श्रेणीः-

- काराकोरम श्रेणी के दक्षिण में स्थित।
- तिब्बत में इस श्रेणी का विस्तार 'कैलाश पवत' के नाम से जाना जाता है।
- तिब्बत में इस श्रेणी के दक्षिण में 'मानसरोवर झील' स्थित है।
- 'रकापोशी चोटी' इस श्रेणी की सबसे ऊँची चोटी है।

**(c).** जास्कर श्रेणीः-

- ट्रांस हिमालय की सबसे दक्षिणी श्रेणी।
- जास्कर तथा लद्दाख श्रेणी के मध्य सिन्धु घाटी स्थित है।

**Note:-** लद्दाख पठारः-

- काराकोरम श्रेणी तथा लद्दाख श्रेणी के मध्य स्थित अन्तः पर्वतीय पठार।
- इस पठार की ऊँचाई लगभग 4800 मीटर है, तथा यह भारत का सबसे ऊँचा पठार है।
- वृष्टि छाया क्षेत्र में स्थित होने के कारण इस पठार पर शुष्क परिस्थितियाँ पाई जाती है, इसलिए यह एक 'ठण्डे मरूस्थल' का उदाहरण है।
- इस पठार पर बहुत सी खारे पानी की झील पाई जाती है।

**B. Main Himalya:-**

- यह पर्वतीय प्रदेश का दूसरा प्रमुख भाग है।

- यह भाग सिन्धु नदी घाटी से ब्रह्मपुत्र नदी घाटी तक स्थित है।
- इस भाग के दोनों ओर अक्षसंघीय मोड **(Systaxial Bend)** पाया जाता है।
- इस भाग भाग की चौडाई पश्चिमी भाग में अधिक तथा पूर्वी भाग में कम है।
- यह लगभग 2400 किमी. की दूरी में विस्तृत है।
- इस भाग में तीन प्रमुख श्रेणियाँ हैः–

**(i).** वृहत् हिमालय **(Great Himalaya)**

**(ii).** मध्य हिमालय **(Middle Himalaya)**

**(iii).** शिवालिक **(Shivalik)**

**(a).** <u>वृहत् हिमालय **(Great Himalaya):-**</u>

- यह श्रेणी नंगा पर्वत से नामचा बरवा के बीच स्थित है।
- यह 2400 किमी. की दूरी से विस्तृत है तथा इसकी औसत चौडाई 25 किमी. एंव औसत ऊँचाई 6100 मी. है।
- ऊँचाई अधिक होने के कारण यह पर्वत वर्ष भर बर्फ से ढका रहता है अतः इसे हिमाद्री भी कहा जाता है।
- यह विश्व की सबसे ऊँची पर्वत श्रेणी है।
- इस श्रेणी में विश्व की सबसे ऊँची चोटी माउण्ट एवरेस्ट (8848 मी.) स्थित है।
- माउण्ट एवरेस्ट नेपाल–चीन सीमा पर स्थित है।
- इसे नेपाल में सागरमाथा कहते है। (माउण्ट एवरेस्ट को)
- इस पर्वत पर बहुत से प्रमुख हिमनद स्थित है। **e.g.-** गंगोत्री, यमुनोत्री, सतोपंथ, पिंडारी, मिलान **etc.**
- इस श्रेणी में बहुत से दर्रे है जिन्हें स्थानीय भाषा में ‘ला’ कहा जाता है।
- वृहत् हिमालय के प्रमुख दर्रेः–
  - **Burzila**
  - **Zajila**
  - **Baralachha**
  - **Shipkila**
  - **Mana**

- ➢ **Niti**
- ➢ **Lipu Lekh**
- ➢ **Nathula**
- ➢ **Jaleepla**
- ➢ **Bomdil**

**(i).** बुर्जिला दर्राः-

* यह श्रीनगर को **POK** से जोडता है।
* इस दर्रे के माध्यम से घुसपैठ गतिविधियाँ होती है।

**(ii).** जोजिला दर्राः-

* यह दर्रा श्रीनगर को लेह से जोडता है।
* इस दर्रे से **NH-1D** गुजरता है।

**(iii).** बारालच्छा दर्राः- यह दर्रा हिमाचल प्रदेश को लेह से जोडता है।

**(iv).** शिपकिला दर्राः-

* यह दर्रा हिमाचल प्रदेश को तिब्बत से जोडता है।
* इस दर्रे का निर्माण सतलज नदी द्वारा किया गया है।
* इसी दर्रे के माध्यम से सतलज नदी भारत में प्रवेश करती है।
* इस दर्रे के माध्यम से चीन के साथ व्यापार किया जाता है।

**(v).** मानाः- यह दर्रा उत्तराखण्ड को तिब्बत से जोडता है।

**(vi).** नीतिः- यह दर्रा उत्तराखण्ड को तिब्बत से जोडता है।

**(vii).** लिपुलेख दर्राः-

* यह दर्रा उत्तराखण्ड को तिब्बत से जोडता है।
* इस दर्रे के माध्यम से कैलाश मानसरोवर की यात्रा की जाती है। अतः इसे 'मानसरोवर का द्वार' भी कहा जाता है।
* इस दर्रे के माध्यम से चीन के साथ व्यापार किया जाता है।

**(viii).** नाथूला दर्राः-

* यह दर्रा सिक्किम को तिब्बत से जोडता है।
* इस दर्रे से प्राचीन रेशम मार्ग गुजरता था।
* इस दर्रे का उपयोग चीन के साथ व्यापार एवं कैलाश मानसरोवर की यात्रा के लिए किया जाता है।

* मानसरोवर की यात्रा इस दर्रे के माध्यम से अधिक सुगम होती है।

**(ix).** जलीपला दर्राः– यह दर्रा सिक्किम को तिब्बत से जोड़ता है।

**(x).** बोमडिला दर्राः– यह दर्रा अरूणाचल प्रदेश को तिब्बत से जोड़ता है।

**(b).** मध्य हिमालय **(Middle Himalaya):-**

- इसे हिमाचल हिमालय या लघु हिमालय भी कहते है।
- यह श्रेणी 2400 किमी. की दूरी में विस्तृत है।
- इसकी औसत चौड़ाई 50 किमी. है।
- इस श्रेणी की ऊँचाई लगभग 3700–4500 मी. के बीच पाई जाती है।
- इस श्रेणी के विभिन्न स्थानीय नाम हैः–

  **(i). J & K – Pir Panjal**

  **(ii). Himachal Pradesh – Dhauladhar**

  **(iii). Uttarakhand - Mussoorie/Nag Tibba**

  **(iv). Nepal – Mahabharat**

  **(v). Sikkim – Dokya**

  **(vi). Bhutan – Black Mountain**

- मध्य हिमालय तथा वृहत् हिमालय के बीच बहुत सी घाटियाँ स्थित हैः–

  **(i).** कश्मीर घाटी = वृहत् हिमालय – पीर पंजाल

  **(ii).** कुल्लू घाटी = वृहत् हिमालय – धौलाधर

  **(iii).** कांगड़ा घाटी **(HP)** = वृहत् हिमालय – मसूरी

  **(iv).** काठमांडू घाटी = वृहत् हिमालय – महाभारत

- इस श्रेणी पर ग्रीष्म ऋतु में शीतोष्ण कटिबन्धीय घास के मैदान पाए जाते है, जिन्हें जम्मू कश्मीर में 'मर्ग' तथा उत्तराखण्ड में 'बुग्याल, पयाला' कहा जाता है।
- शीत ऋतु के दौरान यह श्रेणी बर्फ से ढक जाती है।
- इस श्रेणी पर स्थित घास के मैदानों का उपयोग स्थानीय समुदाय अपने पशुओं को चराने के लिए करते है।
- इस श्रेणी क्षेत्र में बहुत से पर्यटन स्थल पाए जाते है। **e.g.** कुल्लू, मनाली, नैनीताल, मसूरी **etc.**
- इस श्रेणी में कुछ प्रमुख दर्रे पाए जाते है।

**e.g.1** <u>पीरपंजाल दर्राः–</u> यह दर्रा श्रीनगर को **POK** से जोड़ता है।

**e.g.2** <u>बनिहाल दर्राः–</u>

* यह दर्रा श्रीनगर को जम्मू से जोड़ता है।
* इस दर्रे से **NH1A** गुजरता है।
* इस दर्रे में जवाहर सुरंग स्थित है।

<u>ऋतु प्रवास **(Transhumance):-**</u>

- ऋतुओं में होने वाले परिवर्तन के साथ जब स्थानीय समुदाय अपने पशुओं के साथ चारे तथा जल की तलाश/खोज में एक स्थान से दूसरे स्थान तक पलायन करते हैं, उसे ऋतु प्रवास कहा जाता है।
- जम्मू-कश्मीर में गुर्जर तथा बकरवाल समुदाय ऋतु प्रवास करते हैं।
- ग्रीष्म ऋतु के दौरान ये पर्वतों की ओर तथा शीत ऋतु में घाटी क्षेत्र की ओर पलायन करते हैं।

<u>करेवा **(Karewa):-**</u>

- पीरपंजाल श्रेणी के निर्माण के कारण कश्मीर घाटी क्षेत्र में अस्थायी झीलों का निर्माण हुआ जो नदियों द्वारा लाए गए अवसादों से भर गई तथा इन्हीं अवसादों को करेवा कहते हैं।
- करेवा कश्मीर घाटी क्षेत्र में पाए जाने वाले उपजाऊ हिमनद, नदी एवं झील के अवसाद **(Glacial, Riverine & Lacustrine)** है। इस अवसादों का उपयोग केसर व चावल की खेती के लिए किया जाता है।

**(c).** <u>शिवालिक **(Shivalik):-**</u>

- शिवालिक श्रेणी की ऊँचाई 500–1500 मी. के बीच पाई जाती है।
- इसकी चौड़ाई 10–50 किमी. है।
- शिवालिक को विभिन्न स्थानीय नामों से जाना जाता हैः–

**(i). J & K – Jammu Hills**

**(ii). Uttarakhand – Dudwa/Dhang** (दूद्वा/धांग)

**(iii). Nepal – Churiaghat** (चूड़ियाघाट)

**(iv). A.P. – Dafla** (दाफला)

**Miri** (मिरी)

**Abhor** (अबोर)

Mishmi (मिश्मी)

- शिवालिक श्रेणी के निर्माण के दौरान मध्य हिमालय तथा शिवालिक श्रेणी के बीच अस्थाई झीलों का निर्माण हुआ था।
- यह झीलें कालान्तर में अवसादों से भर गईं जिससे समतल घाटियों का निर्माण हुआ।
- इन घाटियों को पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में 'दून' तथा पूर्वी हिमालय क्षेत्र में 'द्वार' कहते हैं। **e.g.-** देहरादून, कोटलीदून, पाटलीदून, हरिद्वार, निहांगद्वार **etc.**
- इन घाटियों का उपयोग चावल की खेती के लिए किया जाता है।

<u>चोस **(Chos):-**</u>

- हिमाचल प्रदेश तथा पंजाब में स्थित शिवालिक श्रेणी क्षेत्र में मानसून के दौरान अस्थायी धाराओं का निर्माण होता है, जिन्हें स्थानीय भाषा में चोस कहते हैं।
- यह धाराएँ शिवालिक को विभिन्न भागों में विभाजित कर देती हैं।

<u>पूर्वांचल **(Purvanchal):-**</u>

- उत्तर-पूर्वी राज्यों में उत्तर से दक्षिण की ओर विस्तृत पहाड़ियों को पूर्वांचल कहते हैं।
- पूर्वांचल का निर्माण इण्डो-ऑस्ट्रेलियन तथा बर्मा प्लेट के अभिसरण से हुआ है।
- यह बालू पत्थर से निर्मित पहाड़ियाँ हैं।
- दक्षिण-पश्चिम मानसून पवनों द्वारा यहाँ भारी वर्षा प्राप्त होती है अतः यहाँ बहुत अधिक जैव-विविधता पाई जाती है।
- यह विश्व के 36 **Hotspots** में सम्मिलित है।
- नागा पहाड़ियों की सबसे ऊँची चोटी सरामती है।
- मिजो पहाड़ियों को लुसाई पहाड़ियाँ भी कहते हैं।
- मिजो पहाड़ियों की सबसे ऊँची चोटी ब्लू माउण्टेन है।
- बराइल श्रेणी नागा पहाड़ियों एवं मणिपुर पहाड़ियों को अलग करती है।

<u>हिमालय पर्वतीय प्रदेश का प्रादेशिक विभाजनः-</u>

**(a).** <u>कश्मीर/पंजाब हिमालय **(Kashmir/Punjab Himalaya):-**</u>

- हिमालय का यह भाग सिंधु तथा सतलज नदी के बीच स्थित है।
- यह लगभग 560 किमी. की दूरी में विस्तृत है।

- इस भाग में जास्कर, पीरपंजाल श्रेणी एवं जम्मू पहाड़ियाँ स्थित हैं।
- इस भाग में हिमालय की चौड़ाई सर्वाधिक पाई जाती है। जो लगभग 250–400 किमी. के बीच पाई जाती है।
- यहाँ हिमालय की ऊँचाई क्रमिक रूप से बढ़ने लगती है।

**(b).** कुमायूँ हिमालय **(Kumao Himalaya):-**

- हिमालय का यह भाग सतलज से काली नदी के बीच स्थित है।
- यह 320 किमी. की दूरी में विस्तृत है।
- यह भाग मुख्य रूप से उत्तराखण्ड में स्थित है।
- यहाँ कुछ प्रमुख चोटियाँ स्थित है। **e.g.-** नंदा देवी, केदारनाथ, बद्रीनाथ, कामेट, त्रिशुल

**(c).** नेपाल हिमालय **(Nepal Himalaya):-**

- यह भाग काली तथा तिस्ता नदी के बीच स्थित है।
- यह भाग 800 किमी. की दूरी में विस्तृत है।
- इस भाग में हिमालय की ऊँचाई सर्वाधिक पाई जाती है।
- यहाँ कई प्रमुख ऊँची चोटियाँ पाई जाती है। **e.g.-** माउण्ट एवरेस्ट, कंचनजंगा (8598 मी.)
- यहाँ हिमालय की चौड़ाई अत्यधिक कम हो जाती है।

**(d).** असम हिमालय **(Assam Himalaya):-**

- यह भाग तिस्ता से दिहांग नदी के बीच स्थित है।
- यह 720 किमी. की दूरी में विस्तृत है।
- यहाँ हिमालय की चौड़ाई सबसे कम हो जाती है जो लगभग 150 किमी. हो जाती है।
- इस भाग में हिमालय की ऊँचाई क्रमिक रूप से कम होने लगती है।

हिमालय का महत्वः–

**(i).** हिमालय पर्वत भारत को प्राकृतिक सीमा प्रदान करता है जिसके कारण भारत को एक उपमहाद्वीप की संज्ञा प्राप्त होती है।

**(ii).** भारत की जलवायु पर भी हिमालय पर्वत का प्रभाव रहता है। हिमालय पर्वत साइबेरिया से आने वाली ठण्डी पवनों को रोकता है। यह मानसून पवनों को भारत में वर्षा करने के लिए बाध्य करते हैं।

**(iii).** हिमालय पर्वतीय क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की वनस्पति पाई जाती है। यहाँ बहुत अधिक जैव विविधता पाई जाती है।

Toppersnotes Unleash the topper in you

**(iv).** यहाँ बहुत से हिमनद स्थित हैं जिनसे भारत की प्रमुख नदियों का उद्गम होता है।

**(v).** हिमालय का धार्मिक महत्व भी है। हिमालय पर्वतीय क्षेत्र में बहुत से तीर्थस्थल स्थित हैं।

**(vi).** पर्यटन की दृष्टि से भी यह महत्वपूर्ण है क्योंकि यहाँ बहुत से पर्वतीय स्थल **(Hill Station)** स्थित हैं।

**Q.1** करेवा

**Q.2** चोस

**Q.3** सियाचिन हिमनद

**Q.4** नुवा घाटी

**Q.5** उत्तरी पर्वतीय प्रदेश

**Q.6** ट्रांस हिमालय

**Q.7** वृहत् हिमालय

**Q.8** मध्य हिमालय

**Q.9** शिवालिक

**Q.10** पूर्वांचल

**Q.11** हिमालय का महत्व

**Q.12** हिमालय का प्रादेशिक विभाजन

**2.** उत्तरी मैदानी प्रदेशः-

- इस मैदानी प्रदेश का निर्माण नदियों द्वारा जमा किए गए अवसादों से होता है।
- यह विश्व के सबसे विस्तृत जलोढ मैदान है।
- यह भारत का नवीनतम प्रदेश है।
- इस अत्यधिक उपजाऊ मैदान का उपयोग कृषि के लिए किया जाता है तथा यहाँ सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व पाया जाता है।
- यह प्रदेश 7 लाख वर्ग किमी. क्षेत्र में विस्तृत है।
- इस मैदानी प्रदेश की चौडाई लगभग 240-320 किमी. पाई जाती है।
- इन मैदानों में जलोढ अवसादों का जमाव 2000 मी. की गहराई तक पाया जाता है।
- यह समतल मैदान है जिनका ढाल मन्द है।

**(a).** राजस्थान के मैदानः-

Toppersnotes Unleash the topper in you